हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

10 खौफ ! बंदरों ने गिरा दी दीवार बाल बाल बचे दर्जनों ग्रामीण



10 1500 मीटर दौड़ व लंबी कूद में खुशबू ने सबको...



खबर संक्षेप

दो कटड़ियां चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

हिसार। अग्रोहा पुलिस ने गांव नगथला से भैंस की दो कटड़ियां चोरी होने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांव के ही चांदीराम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गांव नगथला निवासी लिछमा देवी ने अग्रोहा थाना में शिकायत देकर बताया कि उसके पास भैंस की दो कटड़ियां थीं, जिनकी उम्र करीब दो और तीन वर्ष थी। वह दो अक्टूबर को रोजाना की तरह दोनों कटड़ियों को गांव की गोगा मेड़ी के पास एक पेड़ से बांधकर आई थी। दोपहर करीब तीन बजे जब वह उन्हें वापस घर लाने पहुंची तो दोनों कटड़ियां वहां से गायब मिलीं।

मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

हिसार। पुलिस चौकी 12 क्वार्टर की टीम ने प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राकेश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी नागला निवासी विजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। मामले के अनुसार इस संबंध में कैमरी निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी कंपनी की मोटरसाइकिल 9 सितंबर को महावीर कॉलोनी स्थित कंपनी के कार्यालय के सामने खड़ी थी। अगले दिन मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली।

पुलिस ने जेब तराशने के आरोपी को जेल भेजा

बरवाला। थाना बरवाला पुलिस ने पुराने बस अड्डे पर एक व्यक्ति की जेब से नकदी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास निवासी मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 500 रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले के अनुसार गांव दुर्जनपुर निवासी बलबीर 29 अक्टूबर को अपने परिजनों के साथ गाड़ी में सवार होकर गांव सुरेवाला जा रहा था। दोपहर करीब 3 बजे जब वह बरवाला के पुराने बस अड्डे पर केले खरीदने के लिए रुका, तो इसी दौरान एक युवक ने उसकी जेब से 100-100 रुपये के नोटों की गड्डी निकाल ली।

कालीरावण में सिद्धमुख ब्रांच नहर का कहर, 50 ढाणियां पानी में डूबीं

हजारों एकड़ फसल पर संकट, भारी नुकसान के डर से किसानों के माथे पर चिंता गहराई

नहर का तटबंध टूटते ही खेतों और रिहायशी इलाकों में घुसा पानी, ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कालीरावण में सिद्धमुख ब्रांच नहर टूटने के बाद खेतों और ढाणियों में भरा पानी। फोटो : हरिभूमि

जिले के गांव कालीरावण में सिद्धमुख ब्रांच नहर टूटने से भारी तबाही मच गई। नहर का तटबंध पानी का दबाव नहीं झेल पाया और उसमें अचानक बड़ा कटाव आ गया। देखते ही देखते नहर का पानी तेज बहाव के साथ आसपास के खेतों और ढाणियों में घुस गया। हालात इतने बिगड़ गए कि करीब 50 ढाणियां जलमग्न हो गईं। खेतों से लेकर रिहायशी इलाकों तक पानी ही पानी नजर आने लगा। अचानक आई इस आफत से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

कालीरावण गांव के पास शुक्रवा दोपहर को यह नहर टूटने के बाद पानी का बहाव लगातार प्रभावित क्षेत्र की ओर बढ़ता रहा। ढाणियों में पानी घुसने से लोगों के सामने अपने परिवार और पशुधन को सुरक्षित निकालने की चुनौती खड़ी हो गई। ऐसे मुश्किल हालात में ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभालते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। लोग पानी से घिरी ढाणियों से परिवारों और पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुट गए। दूसरी ओर, मिट्टी से भरी बोरियों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की मदद से नहर के कटाव को बंद करने की मशक्कत शुरू की गई। फिलहाल कालीरावण में हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। एक तरफ ग्रामीण अपने घरों, पशुओं और फसलों को बचाने की जद्दोजहद में जुटे हैं, वहीं दूसरी तरफ सिंचाई विभाग की टीम नहर के कटाव को बंद करने में लगी है। अब सबसे बड़ी चुनौती पानी के बहाव को पूरी तरह रोककर प्रभावित ढाणियों और खेतों को और अधिक नुकसान से बचाना है।

सुबह 13 फीट पानी, अब भी 8 फीट का तेज बहाव

ग्रामीणों के मुताबिक, सुबह नहर में पानी का स्तर करीब 13 फीट था। कटाव होने के बाद भी मौके पर लगभग 8 फीट पानी का बहाव बना हुआ है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि जल्द ही पानी का बहाव पूरी तरह नहीं रोका गया तो हजारों एकड़ कृषि भूमि और सैकड़ों मकानों को भारी नुकसान हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार, नहर में पानी का बहाव पूरी तरह बंद होने में शनिवार तक का समय लग सकता है।

पूर्व सरपंच की ढाणी समेत कई घरों में भरा पानी

नहर टूटने से पूर्व सरपंच प्रभु कस्वां की ढाणी सहित अमर सिंह, महाबीर, बेगराज, मांगेराम और रामफल की ढाणियां पानी की चपेट में आ गई हैं। कई घरों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण अपने जरूरी सामान और पशुधन को बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

समय से नहर बंद होती तो बच जाता नुकसान : प्रभु कस्वां

गांव के पूर्व सरपंच प्रभु कस्वां ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि नहर टूटने के बाद प्रशासन की ओर से समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाते तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि प्रशासन समय रहते पीछे मुख्य ब्रांच टोहाना और काजल हेड से नहर का पानी बंद करवा देता तथा तत्काल भारी मशीनरी मौके पर भेज देता तो इतना बड़ा नुकसान होने से बच सकता था। उन्होंने प्रशासन से राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने और प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की।

नरेगा कर्मियों के साथ जुटा सिचाईं विभाग

नहर के कटाव को बंद करने के लिए कालीरावण और आसपास के गांवों से नरेगा कर्मियों को मौके पर बुलाया गया है। सिंचाई विभाग के एसडीओ सहित विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर मरम्मत एवं राहत कार्य में जुटे हैं। ग्रामीणों के सहयोग से कटाव को भरने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

बस पास को लेकर छात्रों और कंडक्टर में विवाद

कंडक्टर ने मारपीट का आरोप लगाया

- गढ़ी बस स्टैंड पर स्कॉर्पियो सवार युवकों को बुलाने का आरोप
- छात्रों ने बस के आगे खड़े होकर रोका रास्ता, डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

रोहतक-हिसार रूट पर शुक्रवार को बस पास की मान्यता को लेकर छात्रों और निजी बस के परिचालक के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि छात्रों ने कंडक्टर पर काली स्कॉर्पियो में सवार युवकों को बुलाकर उनके साथ मारपीट करवाने का आरोप लगाया। छात्रों ने बस चालक पर उन पर बस चढ़ाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है। घटना के विरोध में करीब 15 छात्रों ने सोरखी पुलिस चौकी में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। छात्र जवाहर के अनुसार, शुक्रवार को सोरखी बस स्टैंड से करीब 15 छात्र रोहतक से हिसार जा रही निजी बस में सवार हुए थे। परिचालक ने टिकट मांगा तो छात्रों ने स्टूडेंट पास दिखाया, लेकिन आरोप है कि उसने पास मान्य करने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया।

बस के आगे खड़े होकर किया विरोध

छात्रों ने बस पास मान्य नहीं किए जाने के बाद डायल-112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी और बस के आगे खड़े हो गए। उन्होंने पुलिस के पहुंचने तक बस को आगे नहीं जाने देने की बात कही। इसी दौरान चालक पर बस चढ़ाने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया। छात्रों ने बस के पीछे नंबर प्लेट नहीं होने की शिकायत भी की।

डीसी ने दिए जांच के निर्देश

छात्रों ने सोरखी पुलिस चौकी में शिकायत देने के बाद उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल को ज्ञापन सौंपा। डीसी ने मारपीट के आरोपों की जांच के निर्देश पुलिस चौकी को दिए। साथ ही दोनों एसडीएम को निर्देश दिए कि निजी बसों में स्टूडेंट पास की मान्यता को लेकर स्थिति स्पष्ट करें और यदि पास मान्य हैं तो बसों में उन्हें स्वीकार करवाना सुनिश्चित करें।

सरकार की लापरवाही से लाखों टन धान खराब : गर्ग

हिसार। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कॉन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने किसान व आढ़तियों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण लाखों मीट्रिक टन धान व बाजरा भीगने के कारण खराब हो गया है। सरकार द्वारा धान व बाजरे की खरीद व उठान धीमी गति से होने के कारण बारिश में करोड़ों रुपए का नुकसान हो गया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान व आढ़ती बर्बादी के कगार पर हैं। सरकार द्वारा समय पर धान की खरीद ना करने पर किसान ने अपना धान एमएसपी से 200 से 400 रुपये प्रति क्विंटल तक कम में बेचना पड़ा है।



नशीली दवाइयों के अवैध कारोबार पर पुलिस का शिकंजा, 8 मेडिकल स्टोरों पर संयुक्त छापेमारी

- एक मेडिकल स्टोर पर बिना रिकॉर्ड मिलीं ड्यूल यूज दवाइयां और दो दुकानों पर फार्मासिस्ट मिले नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। जांच पड़ताल करती औषधि प्रशासन विभाग की टीम।

जिले में नशे के अवैध कारोबार और नशीली दवाइयों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। पुलिस ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के साथ मिलकर जिले के मेडिकल स्टोरों पर संयुक्त छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया। इस दौरान कुल 8 मेडिकल स्टोरों की जांच की गई, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आईं। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए इस अभियान में संयुक्त टीमों ने मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों के स्टॉक, खरीद-बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड और निर्धारित नियमों के पालन की जांच की। जांच के दौरान एक मेडिकल स्टोर पर ड्यूल यूज दवाइयां बिना उचित रिकॉर्ड के स्टॉक की हुई मिलीं। वहीं, दो अन्य मेडिकल स्टोरों पर पंजीकृत फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए।

इसके अलावा कुछ मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों की खरीद-बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड और अन्य निर्धारित नियमों के पालन में भी कमियां सामने आईं। जांच में मिली अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लाइसेंसिंग अथॉरिटी, हिसार जोन द्वारा ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री बर्दाश्त नहीं : एसपी

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्पष्ट किया कि नशे के रूप में दुरुपयोग की जाने वाली दवाइयों की अवैध बिक्री और आपूर्ति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए कि वे दवाइयों की खरीद और बिक्री का पूरा रिकॉर्ड व्यवस्थित रखें तथा सभी निर्धारित नियमों और कानूनी प्रावधानों का सख्ती से पालन करें।

लंबित भुगतान को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हरियाणा रोडवेज के हांसी डिपो में लंबित भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने टीए, एलटीसी, ओवरटाइम और मेडिकल बिलों का भुगतान जल्द करने की मांग उठाते हुए हांसी से चंडीगढ़ जाने वाली बस को रवाना होने से रोकने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी सुखजीत सिंह और बस स्टैंड चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान रोडवेज अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच बातचीत भी हुई, लेकिन कर्मचारी बकाया राशि के तत्काल भुगतान की मांग पर अड़े रहे।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो शुक्रवार रात से ग्रामीण रूटों पर बस सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। साथ ही शनिवार को हरियाणा रोडवेज का चक्का जाम करने की चेतावनी दी गई। कर्मचारियों के इस ऐलान से ग्रामीण क्षेत्रों से हांसी और आसपास के शहरों में आने-जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ने की आशंका है। सांझा संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य मंजीत कुमार ने बताया कि कर्मचारी पिछले तीन-चार महीनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।



हांसी। बकाया भुगतान की मांग को लेकर बस स्टैंड पर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

बातचीत से समस्या का समाधान निकालने की अपील

हांसी डिपो के ट्रैफिक मैनेजर सतवीर सिंह ने बताया कि कर्मचारियों के टीए और अन्य मदों में करीब पांच करोड़ रुपये बकाया थे, जिनमें से लगभग चार करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। शेष करीब एक करोड़ रुपये के भुगतान के लिए बजट की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य डिपो में भी कर्मचारियों की बकाया राशि का भुगतान किया जाना है और बजट उपलब्ध होने के अनुसार शेष राशि जारी की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत के माध्यम से समस्या का समाधान निकालने की अपील की।

लुदास में अपहरण के प्रयास मामले में एक और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लुदास गांव में बच्चों का रास्ता रोककर मारपीट करने, अपहरण का प्रयास करने और जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में सदर पुलिस ने एक और आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस प्रकार पुलिस अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। कृष्ण कुमार की शिकायत पर सदर थाना में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह अपने बच्चों को स्कूल से लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आए आरोपियों ने कथित तौर पर उनका रास्ता रोककर मारपीट की तथा अपहरण करने और जान से मारने का प्रयास किया।

भीमताल व नैनीताल विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान भीमताल, नैनीताल और जिम कॉर्बेट की वादियों में एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का भीमताल, नैनीताल, कैंची धाम और जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क का शैक्षिक भ्रमण ज्ञानवर्धक और यादगार रहा। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर प्राकृतिक सौंदर्य, भारतीय संस्कृति, वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से रूबरू करवाना था। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने भीमताल की खूबसूरत झील और पहाड़ों की हरियाली का आनंद लिया। इसके बाद कैंची धाम में दर्शन कर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। नैनीताल में नैनी झील, नैना देवी मंदिर और मॉल रोड का भ्रमण कर विद्यार्थियों ने पर्वतीय क्षेत्र की संस्कृति और पर्यटन से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। भ्रमण का विशेष आकर्षण जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क की जंगल सफारी रही। टूर इंचार्ज संजय मलिक ने यात्रा का कुशल संचालन किया। सचिन और अतिक्षा ने भी विद्यार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए महत्वपूर्ण सहयोग दिया। प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

गोशाला की दीवार के निर्माण को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

थाना बरवाला पुलिस ने गांव पनिहारी में गोशाला की दीवार के निर्माण को लेकर हुए दो पक्षों के झगड़े के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राममेहर, निवासी गांव पनिहारी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गांव पनिहारी में गोशाला की दीवार के निर्माण को लेकर दोनों पक्षों के बीच पिछले काफी समय से विवाद चल रहा था। गत 31 जुलाई को सुबह करीब 9 बजे जब गोशाला की दीवार की चिनाई का काम चल रहा था, तभी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते यह विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया।

झगड़े के दौरान दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

विद्यार्थियों को दी पॉक्सो एक्ट और साइबर अपराधों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। बाल अधिकारों और साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक करते साइबर थाना पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बाल सुरक्षा, साइबर अपराध और कानूनी संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में हांसी साइबर थाना के इंस्पेक्टर शिव कुमार, पैनल एडवोकेट किरण जांगड़ा और पीएलवी सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण में रहने, शिक्षा प्राप्त करने और अपने अधिकारों की जानकारी रखने का पूरा अधिकार है। वक्ताओं ने बाल शोषण की रोकथाम, बाल विवाह निषेध, बाल अधिकारों की सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

फेस्टिवल को लेकर खाका तैयार, 4 से 8 नवंबर तक राजगुरु मार्केट में नो-एंट्री, चौपहिया वाहन रहेंगे बैन

500 रुपये शुल्क देकर बरामदों में सजा सकेंगे सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। विभिन्न मार्केट के प्रधानों के साथ चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली।

दीपावली के पावन पर्व पर शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए नगर निगम ने यातायात, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया है। त्योहारी सीजन में आमजन को जाम से राहत दिलाने और व्यापारिक गतिविधियों को सुगम बनाने के लिए 4 से 8 नवंबर तक शहर की सबसे व्यस्तम राजगुरु मार्केट में चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। यह अहम फैसला नगर निगम कार्यालय में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में हुई व्यापारियों की बैठक में लिया गया। बैठक में व्यापारियों की मांग पर मेयर प्रवीण पोपली ने 2 से 8 नवंबर तक दुकानों के आगे बने बरामदों में सामान प्रदर्शित करने की सशर्त अनुमति दी है। इसके तहत प्रति टेबल 500 रुपये तहबाजारी शुल्क निर्धारित किया गया है। मेयर ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर फड़ी या टेबल लगाने की अनुमति बिल्कुल नहीं होगी। फड़ी बाजार के लिए पंजाबी धर्मशाला के सामने पार्किंग स्थल तय किया गया है। त्योहार पर बुजुर्गों और बच्चों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए बाजार के अंदर ई-रिक्शा की व्यवस्था की जाएगी। खरीदारी करने आने वाले लोगों के लिए वाहनों की पार्किंग सिटी थाना के सामने और धोबी घाट पार्किंग स्थल में तय की गई है।

24 घंटे तैनात रहेगी फायर ब्रिगेड

दीपावली पर सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राजगुरु मार्केट में दिन-रात (24 घंटे) अग्निशमन विभाग का वाहन तैनात रहेगा। साथ ही असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की विशेष तैनाती की जाएगी।

बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, एपीओ सुनील वर्मा, राजगुरु मार्केट प्रधान सुरेंद्र बजाज, सचिव महेश चौधरी, कोषाध्यक्ष दर्शन खुराना, सुशील गोयल, राजगुरु मार्केट ऑर्गनाइजेशन के प्रधान शिवकुमार सैनी, संरक्षक अक्षय मलिक, वरिष्ठ उप-प्रधान सुरेंद्र सोनी, न्यू राजगुरु मार्केट व बिश्नोई मंदिर मार्केट के प्रधान राजेंद्र चुटानी सहित अनेक व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

लैब टेक्नीशियन की सेवानिवृति पर दी विदाई

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को लैब टेक्नीशियन राजेंद्र कुमार की सेवानिवृति के अवसर पर सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय परिसर के कमेटी हॉल में हुए इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता डीन अकडेमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा ने की। समारोह को गणित विभागाध्यक्ष प्रो. महेश कुमार शर्मा, प्रो. कपिल तथा गैर शिक्षक कर्मचारी यूनियन के प्रधान चरणदास अठवाल ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने राजेंद्र कुमार की सेवाओं की प्रशंसा की। समारोह का संचालन जनसंपर्क उपनिदेशक डॉ. बिजेंद्र दहिया ने किया।

दिल्ली में भारी संख्या में पहुंचेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

नारनौंद । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश विकास मंच के अध्यक्ष डॉ. राजवीर मोर कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा से तंग आ चुकी है। सरकार को उखाड़ने के लिए एक नवंबर को देश में प्रदेश से भारी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश की जनता जाग चुकी है और अब वोट चोरी नहीं होने दी जाएगी। इसी को लेकर भारी संख्या में इंडिया गठबंधन के सहयोगी और कांग्रेसी कार्यकर्ता दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में एक नवंबर को भाजपा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करके उनको नींद से जगाने का काम करेंगे।

एक नवंबर को दिल्ली में होगी ऐतिहासिक रैली

हिसार। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने कहा है कि आगामी एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली देश के लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। इस महारैली के माध्यम से कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और संवैधानिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। एडवोकेट योगेश सिहाग ने कहा कि महारैली के प्रति हरियाणा सहित देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन में उत्साह का माहौल है।

किसान सभा के नेताओं ने किया अनेक गांवों का दौरा

हिसार। किसान सभा का कहना है कि एसआईआर के खिलाफ एक नवम्बर को दिल्ली रैली के प्रति भारी उत्साह है। जिले के विभिन्न वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के उपाध्यक्ष शमशेर सिंह नम्बरदार और अखिल भारतीय किसान सभा तहसील हिसार के प्रधान रमेश मिरकां, अभय राम फौजी व सतपाल शर्मा ने बताया कि रैली की तैयारी को लेकर पिछले सात दिनों से किसान सभा के नेताओं ने गांव डाबड़ा, मिरकां, दाहिमा, भोजराज, गुंजार, बालावास, कंवारी, नलवा, स्याहड़वा, चारनौंद, पायल, चिड़ोद, कालवास, मंगाली आदि के किसान शामिल रहे।

खौफ! बंदरों ने गिरा दी दीवार बाल-बाल बचे दर्जनों ग्रामीण

ग्राम पंचायत ने लिया संज्ञान, बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

उपमंडल के गांव राजथल में पिछले कई सालों से बंदरों का भारी खौफ बना हुआ है। गांव में सैकड़ों की संख्या में मौजूद बंदरों के कारण ग्रामीणों में डर और खौफ का माहौल बना हुआ है। आलम यह है कि बंदर दिन-रात घरों की छतों, गलियों और गांव के मुख्य मंदिर में डेरा डाले रहते हैं, जिससे आम जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।



नारनौंद। गांव राजथल में घरों पर बैठे हुए बंदर। फोटो : हरिभूमि

घरों में घुसकर नुकसान, छतों से गिरा रहे दीवारें

ग्रामीणों ने बताया कि बंदर आए दिन घरों में घुसकर राशन, कपड़े व अन्य सामान उठाकर ले जाते हैं, जिससे लोगों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यही नहीं, बंदर अब जानलेवा साबित हो रहे हैं। एक दिन पहले मंदिर के सामने स्थिति कंवर सिंह के मकान की छत पर बनी दीवार को बंदरों ने हिलाकर नीचे गिरा दिया। गनीमत रही कि नीचे गली में बैठे दर्जनों लोग बाल-बाल बच गए। करीब एक सप्ताह पूर्व राजवीर सिंह के मकान के लेंटर/छत के हिस्से को बंदरों ने हिलाकर गिरा दिया था। उस समय गली से कोई नहीं गुजर रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। गांव के मंदिर में बंदरों का झुंड हर समय बैठा रहता है। वहां जाने वाले श्रद्धालु डर के साए में पूजा-अर्चना करने को मजबूर हैं। कई श्रद्धालुओं को बंदर काटकर घायल भी कर चुके हैं।

बंदरों के हमले में घायल हुईं महिलाएं

गांव की महिलाओं राजरानी, पतासो देवी और सुनीता देवी ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि वे मंदिर में पूजा-अर्चना करने गई थीं। वहां पहले से घात लगाकर बैठे बंदरों ने उन पर अचानक हमला कर दिया और काटकर घायल कर दिया। वहां मौजूद अन्य लोगों ने बड़ी मुश्किल से उन्हें बचाया। इस घटना के बाद से गांव की महिलाएं मंदिर जाने से डरने लगी हैं।

जल्द दोबारा शुरू होगा पकड़ने का अभियान

गांव के सरपंच प्रतिनिधि अनिल गोदारा ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले बंदरों को पकड़ने का काम शुरू करवाया गया था, लेकिन ठेकेदार बीच में ही काम छोड़कर चला गया। अब दोबारा से बंदर पकड़ने वाली टीम को बुलाया गया है। जल्द ही गांव के सभी बंदरों को पकड़वाकर सुरक्षित जंगल में छुड़वा दिया जाएगा ताकि ग्रामीणों को इस समस्या से राहत मिल सके।

2021 से लगा रहे चक्कर : विनीत मान

ग्रामीण विनीत मान ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत और बीडीपीओ को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने 'पीएम विंडो' पर भी शिकायत दर्ज कराई, जहां से संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान के आदेश जारी किए गए थे। इसके बावजूद आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है और वे लगातार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। गांव के लोगों ने प्रशासन और राज्य सरकार से गुहार लगाई है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत प्रभाव से बंदरों को पकड़वाने की ठोस कार्रवाई की जाए ताकि गांव में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।



हिसार। बिजली पंचायत में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रणधीर पनिहार।

बिजली पंचायत में विधायक पनिहार ने सुनीं समस्याएं

- बिजली के 145 शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त, अधिकांश का मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से शुक्रवार को पनिहार फार्म हाउस पर बिजली पंचायत आयोजित की गई, जिसमें विधायक रणधीर पनिहार ने शिरकत की। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं को सुना गया और उनके समाधान के लिए बिजली निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बिजली पंचायत में विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने बिजली आपूर्ति, नए कनेक्शन, ट्रांसफार्मर लगाने, बिजली की लाइनों को शिफ्ट करने सहित अन्य समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। पंचायत में कुल 145 आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का संबंधित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही समाधान करवाया गया। विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने के लिए सरकार की ओर से अनुदान दिया जा रहा है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम निदेशक मुकेश चौहान, चीफ इंजीनियर हरि दत्त, एससी अविनाश यादव, एक्सईएन विनीत पातड़, भाजपा नेता प्रवीन जैन, ब्लॉक समिति अध्यक्ष सुरेंद्र मंडा, मंडल अध्यक्ष भूप सिंह खिचड़, पार्षद गुलाब खनगवाल, तलवंडी रुक्का के सरपंच चरण सिंह नागर, मंगाली के सरपंच बलराज सिंह, मंजू पूनिया, कुलदीप ढुग्गल, रोहतास नागर, बिलू ठेकेदार सहित बिजली विभाग के एसडीओ एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गन्ने के भाव में मामूली बढ़ोतरी ऊंट के मुंह में जीरे के समानः बृजलाल

हिसार। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने हरियाणा में गन्ने के भाव में बढ़ोतरी पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि गन्ने के दाम में की गई मामूली बढ़ोतरी किसानों की बढ़ती लागत के मुकाबले नाकाफी है। उन्होंने



कहा कि सरकार इस बढ़ोतरी को बड़ी सौगात बताकर प्रचार कर रही है, जबकि हकीकत यह है कि किसानों को महंगाई, खेती की बढ़ती लागत और घटते मुनाफे जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। गन्ने के भाव में की गई यह बढ़ोतरी किसानों के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि सरकार के अनुसार सीजन 2026-27 में गन्ने का भाव 430 रुपये प्रति क्विंटल और सीजन 2027-28 में 450 रुपये प्रति क्विंटल होगा। सरकार इसे किसानों के हित में बड़ा फैसला बता रही है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस बढ़ोतरी से किसानों की खेती की लागत, खाद, बीज, कीटनाशक, सिंचाई, डीजल और मजदूरी पर होने वाले खर्च की भरपाई हो पाएगी? उन्होंने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए ऐसी मूल्य वृद्धि जरूरी है, जो उनकी वास्तविक लागत और मेहनत के अनुरूप हो।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए नागरिक महारैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें : विधायक चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित की जाने वाली वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली में अधिकतम सहभागिता के लिए प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन व विधायक चंद्रप्रकाश ने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने मंडी आदमपुर में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित करके वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली के लिए ड्यूटी लगाई और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। विधायक चंद्रप्रकाश ने अपने समर्थकों के साथ मंडी आदमपुर, सदलपुर, आर्यनगर, बालसमंद, बुड़ाक, बांडाहेड़ी, डोभी व खारिया में पहुंचकर ग्रामवासियों से मुलाकात की और उन्हें महारैली में अधिकतम सहभागिता करने की अपील की। चंद्रप्रकाश ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी करके और वोट चोरी करके लोकतंत्र व संविधान पर कुठाराघात किया है। इसलिए लोकतंत्र व मताधिकार की रक्षा के लिए हर नागरिक को इस महारैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिार्जुन खडगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली का आयोजन किया जा रहा है।



हिसार। महारैली के लिए विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामवासियों से मुलाकात करते विधायक चंद्रप्रकाश।

भगवान के मोहिनी स्वरूप की सवारी शोभायात्रा देखकर अभिभूत हुए श्रद्धालु

- तिरुपति धाम से हिसार के विभिन्न मंदिरों में पहुंची भगवान के मोहिनी स्वरूप की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्री तिरुपति बालाजी धाम में चल रहे सात दिवसीय ब्रह्मोत्सव की रौनक हिसार शहर में भी देखने को मिली। दरअसल ब्रह्मोत्सव के दौरान भगवान के नगर भ्रमण का उपक्रम धूमधाम से पूरा किया गया। पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत फूलों व बहुरंगी छत्र से सुसज्जित पालकी में भगवान के मोहिनी स्वरूप को विराजमान किया गया। इस अद्भुत स्वरूप को देखकर श्रद्धालु अभिभूत होकर झूमने व नाचने लगे। भगवान की पालकी को विशाल रथ पर शोभायमान करके तिरुपति धाम से यात्रा करते हुए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अन्नत श्री विभूषित सर्वश्री नारायणाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में हिसार के विभिन्न मंदिरों में शोभा यात्रा निकाली। भगवान के मोहिनी स्वरूप की शोभा यात्रा सबसे पहले बस स्टैंड के पास स्थित सेक्टर-14 के बुधला संत मंदिर में पहुंची। यहां पर भगवान के मोहिनी स्वरूप के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया और पूरा सेक्टर-14 जय श्रीमन्ननारायण, जय तिरुपति बालाजी और जय भगवान वेंकटेश के उदघोष से गूंज उठा। इस दौरान भक्तों की आस्था देखने लायक रही। इसके उपरांत सवारी शोभा यात्रा गांधी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर, डोगरान मोहल्ला स्थित जगन्नाथ मंदिर एवं ग्रीन पार्क के संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर में पहुंची। ग्रीन पार्क मंदिर में भजनों के माध्यम से भगवान की महिमा का गुणगान किया गया।



हिसार। भगवान के मोहिनी स्वरूप की सवारी शोभा यात्रा में मौजूद अर्चक व श्रद्धालुगण।

कानूनी विशेषज्ञों ने बच्चों को साइबर क्राइम बाल शोषण और सुरक्षा की जानकारी दी

नारनौंद। छात्रों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें अपराध, शोषण व साइबर खतरों से बचाव के तरीके बताने के लिए नारनौंद स्थित मॉडल स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिविल जज से लेकर पुलिसकर्मी, साइबर विशेषज्ञ और अधिवक्ताओं ने एक मंच पर विद्यार्थियों को सुरक्षा, सम्मान और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान एडवोकेट अमित कोहाड़ ने सभी पहलुओं का कानूनी इतिहास बताकर कार्यक्रम की शुरुआत में सभी का परिचय करवाया। कार्यक्रम में सिविल जज जूनियर डिवीजन नारनौंद खुशकरण जोत सिंह गिल ने कहा कि सुरक्षित बचपन सुनिश्चित करना केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज और व्यवस्था की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अजय लोहान ने किया। अंत में स्कूल प्रिंसिपल जितेंद्र सोनी ने सिविल जज खुश करण जोत सिंह गिल, सुनील कुमार, अरविंद कुमार, एडवोकेट अनिता देवी सहित सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार जताया।



नारनौंद : स्कूल छात्रों को संबोधित करते सिविल जज जूनियर डिवीजन खुश करण जोत सिंह गिल।

गवर्नमेंट कॉलेज में स्वदेशी मेला 23 जनवरी से

- पांच दिवसीय स्वदेशी मेले की तैयारियां शुरू करने के लिए स्वदेशी जागरण मंच ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्वावलंबन व स्वदेशी विचारधारा को बल प्रदान करने के लिए पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में 23 से 27 जनवरी तक पांच दिवसीय स्वदेशी मेला आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान 100 से अधिक स्वदेशी व हिसार के उत्पादों की स्टाल रहेंगी। इस मेले की तैयारियों के संदर्भ में स्वदेशी जागरण मंच की महत्वपूर्ण बैठक विवेकानंद भवन व हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित की गई। बैठक के दौरान स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संगठक व वरिष्ठ प्रचारक सतीश कुमार का सान्निध्य रहा। सतीश कुमार ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए मेले को सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक दिन का डिजिटल व्रत रखने का भी आह्वान किया। इस दौरान हकृवि के कुलपति व प्रांत स्वदेशी शोध संस्थान संयोजक प्रो. बीआर काम्बोज भी मौजूद रहे।



हिसार। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

बैठक में विभाग संयोजक डॉ. संजीव शर्मा, जिला संयोजक राकेश चराया, सुमन ऐरन, पूनम नागपाल, अनिल, अजीत, पुनीत, दिनेश, राकेश शर्मा, मांगेराम व उषा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बाल महोत्सव में बच्चों ने नृत्य, रंगोली और चित्रकला से बिखेरे प्रतिभा के रंग

हांसी। जिला स्तरीय बाल महोत्सव के चौथे दिन शुक्रवार को बच्चों ने नृत्य, रंगोली, चित्रकला और क्ले मॉडलिंग के जरिए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। डॉ. मीना कम्बोज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विभिन्न प्रतियोगिताओं का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। महोत्सव के चौथे दिन तृतीय ग्रुप डांस, रंगोली, स्केचिंग ऑन द स्पॉट, सोलो डांस और क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रंगोली में बच्चों ने आकर्षक रंग संयोजन से कलाकृतियां बनाईं, वहीं स्केचिंग में कल्पनाशीलता और क्ले मॉडलिंग में सृजनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।



हांसी। बाल महोत्सव के चौथे दिन प्रतियोगिताओं का अवलोकन करतीं मुख्य अतिथि डॉ. मीना कम्बोज।

आध्या ग्रोवर ने स्क्वैश नेशनल्स में हासिल किया तीसरा स्थान

एसजीएफआई स्कूल नेशनल गेम्स में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने के लिए भी हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

होनहार स्क्वैश खिलाड़ी आध्या ग्रोवर ने सब-जूनियर एवं जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गर्ल्स अंडर-13 वर्ग में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। जयपुर में स्क्वैश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। शहर के ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल की छात्रा आध्या ग्रोवर ने प्रतियोगिता के दौरान अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। नेशनल चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त करना उनकी निरंतर मेहनत, नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। आध्या की उपलब्धियों में एक और महत्त्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। हाल ही में उनका चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के स्कूल नेशनल गेम्स में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने के लिए भी हुआ है। यह चयन उनके शानदार खेल प्रदर्शन और लगातार बेहतर होते खेल स्तर को दर्शाता है।



हिसार। सब-जूनियर एवं जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद शील्ड ग्रहण करती आध्या ग्रोवर।

खेलकूद | सांसद सुभाष बराला ने खिलाड़ियों को किया प्रेरित

राजकीय महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

1500 मीटर दौड़ व लंबी कूद में खुशबू ने सबको पछाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को 76वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य व रंगारंग आगाज हुआ। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने दीप प्रज्वलित कर व झंडारोहण के साथ किया। समारोह की शुरुआत में एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने शानदार व अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी दी और एकता व अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महिला वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में खुशबू ने प्रथम, चेतना ने द्वितीय और सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



हिसार। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि सांसद व अन्य।

प्रतियोगिता का समापन आज

प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि यह दो दिवसीय प्रतियोगिता पुरुष और महिला दोनों वर्गों में आयोजित की जा रही है, जिसमें दौड़, जैवलिन थ्रो, हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट, हाई जंप, लॉन्ग जंप और ट्रिपल जंप जैसी तमाम एथलेटिक स्पर्धाएं शामिल हैं। पुरस्कार वितरण समारोह 31 अक्टूबर महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. दीपमाला लोहान बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगी।

महिला वर्ग की लंबी कूद में खुशबू पहले, चेतना दूसरे और गायत्री तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग की 1000 मीटर दौड़ में मनीष ने बाजी मारते हुए पहला, संदीप ने दूसरा और नवनीत ने तीसरा स्थान हासिल किया।

खेल केवल व्यायाम नहीं, व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम : बराला

खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि खेलकूद केवल शारीरिक व्यायाम का जरिया नहीं हैं, बल्कि यह युवा विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण आधार हैं। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना जैसे सकारात्मक गुण विकसित होते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) अंजू चौधरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को परखने और निखारने का बेहतरीन मंच हैं।

शिविर में 61 यूनिट रक्त किया एकत्रित, रक्तदाता सम्मानित

बरवाला। राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट कॉलोनी, खेदड़ स्थित डिस्पेंसरी में शुक्रवार को सर्वेश हेल्थ सिटी, हिसार व एचपीजीसीएल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ थर्मल प्लांट खेदड़ के चीफ इंजीनियर अशोक माहेश्वरी ने किया। शिविर में थर्मल प्लांट के अधिकारियों, कर्मचारियों और सीआईएसएफ के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। इस दौरान कुल 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर चीफ इंजीनियर अशोक माहेश्वरी ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक कार्य है। शिविर का सफल आयोजन एक्सईएन ट्रेनिंग संदीप वर्मा, एसडीओ कुलदीप सिंह, जेई दलजीत पंघाल और उनकी टीम के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर पीके रायकवाड़, एसई एसके दुरेजा, एसई जेपी पुरोहित, एसई दीपक श्रीवास्तव, एसई संतोष गुप्ता, एसई गीता, डिप्टी कमांडेंट जयंत वर्मा सहित थर्मल प्लांट के अनेक अधिकारी, कर्मचारी और सीआईएसएफ के जवान मौजूद रहे।



खबर संक्षेप

शिविर में सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

हिसार। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में होली एंजल पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय प्रवेशिका कैंप का विधिवत समापन ध्वजारोहण व प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डाइट मातृश्याम, हिसार से गणित प्राध्यापक दिनेश कुमार शर्मा ने शिरकत की। कैंप का संचालन मुख्य प्रशिक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में हुआ, जिसमें ट्रेनर सिमरन, राहुल और मुस्कान ने सहयोगी की भूमिका निभाते हुए शिविर को सफल बनाया। तीन दिनों तक चले इस विशेष प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन में सही शिष्टाचार, उठने-बैठने का तरीका, सामाजिक सरोकार, आपदा प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता के गुर सीखे।

दिव्या शर्मा ने दो पदक जीतकर रचा इतिहास

हिसार। केएल आर्य डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा दिव्या शर्मा ने अपनी असाधारण खेल प्रतिभा के बल पर भारत सरकार से मान्यता प्राप्त डी.ए.वी. नेशनल स्पोर्ट्स में शानदार सफलता अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। नई दिल्ली स्थित कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेलों में दिव्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा शॉट पुट (गोला फेंक) प्रतियोगिता में रजत पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन अनिल कुमार राव, वाइस चेयरमैन रमेश कुमार लीखा, स्कूल मैनेजर अनीता वढेरा, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सुनीता बहल, प्रधानाचार्य डॉ. चंद्रप्रकाश एवं समस्त स्टाफ ने दिव्या को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

'सुदर्शन क्रिया' का फ़ॉलोअप कल

हिसार। आर्ट ऑफ लिविंग की श्वसन तकनीक सुदर्शन क्रिया का साप्ताहिक फ़ॉलोअप गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के पवित्र वाणी में रविवार प्रातः आयोजित किया जाएगा। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि फ़ॉलोअप सत्र रविवार को शहर के दो स्थान भारत माता मंदिर, एम.सी कॉलोनी एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर, सेक्टर-14 में आयोजित किया जाएगा। इसका संचालन परीक्षित आर्य एवं ईश्वर सैनी द्वारा किया जाएगा। इस सत्र में पूर्व में आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम अथवा सुदर्शन क्रिया कोर्स कर चुके सभी साधक भाग ले सकते हैं।

चौधरीवास धाम में शरद पूर्णिमा मेले का समापन

हिसार। निकटवर्ती गांव चौधरी वास में स्थित सिद्धपीठ श्री पंचमुखी बालाजी धाम में चल रहे विशाल शरद पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत अखंड नवदिवसीय श्री रामचरितमानस व सस्वर हवनात्मक श्री हनुमान चालीसा पाठ का सविधि पूर्णाहुति यज्ञ द्वारा समापन किया गया। देश विदेश से आये सैंकड़ो भक्तों ने आकर श्री बालाजी महाराज के चरणों में अपनी हाजरी लगाई। धाम के महंत पीठाधिश्वर पवन जोशी के सान्निध्य व दिशानिर्देश में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भक्तों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। शरद महोत्सव के अंतिम दिवस पर बनारस से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिपूर्वक हवन करवाकर सम्पूर्ण विश्व व में शान्ति व सनातन के उत्थान के लिए मंगलकामना की।

सेवानिवृत्त एसआई राजकुमार को दी विदाई

हांसी। पुलिस विभाग में लंबे समय तक ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं देने वाले उप निरीक्षक राजकुमार को शुक्रवार को पुलिस लाइन हांसी में आयोजित समारोह में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके सेवाकाल को याद करते हुए विभाग में दिए गए योगदान की सराहना की। इस अवसर पर डीएसपी दिनेश कुमार ने उप निरीक्षक राजकुमार को पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

सदन के बहिष्कार का जिक्र कर राज्यसभा सांसद ने विपक्ष पर बोला हमला

चुनाव सुधारों से भाग रहे कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के नेता : बराला

कहा- भाजपा हमेशा चर्चा के लिए रहती है तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते सांसद सुभाष बराला।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने चुनाव सुधारों और एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के मुद्दे पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा चर्चा के लिए तैयार रहती है, लेकिन कांग्रेस ने घुसपैठियों के मुद्दे पर सदन का बहिष्कार किया।

भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में सुभाष बराला ने आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जब एसआईआर को लेकर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के कथित झूठ का पर्दाफाश किया तो विपक्षी नेता चर्चा से भाग खड़े हुए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष चाहे जितनी बार सदन का बहिष्कार करे, भाजपा किसी भी घुसपैठिए को मतदान का अधिकार नहीं देने के अपने रुख पर कायम है। उन्होंने बताया कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना है। इसके तहत मृत एवं दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं के नाम हटाने, पात्र युवाओं के नाम जोड़ने तथा अपात्र मतदाताओं की पहचान करने का कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति घुसपैठियों को 'डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट' करने की है, जबकि विपक्ष इस प्रक्रिया का विरोध कर रहा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, मनदीप मलिक, पीयूष महत्ता, कृष्ण सरसाना, सरोज सिहाग, संजीव रेवड़ी, रणधीर धीरू, सुरेश गोयल धूप वाला, धर्मवीर पानू, महेंद्र पानू, सतनाम सैनी आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी पार्टी को घेरा



हांसी। जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व विधायक विनोद भयाना।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण जरूरी : महिपाल

हांसी। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व विधायक विनोद भयाना ने एसआईआर और चुनाव सुधारों के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा और कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था के साथ मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना बेहद आवश्यक है। एसआईआर एक संवैधानिक और नियमित प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची में केवल पात्र नागरिकों के नाम रहें और किसी भी अपात्र व्यक्ति को इसमें स्थान न मिले। संसद देश में सबसे बड़े विचार-विमर्श का मंच है और भाजपा किसी भी विषय पर चर्चा से कभी पीछे नहीं हटती, लेकिन कांग्रेस चर्चा करने के बजाय बहिष्कार और हंगामे का रास्ता अपनाती है। शिक्षा मंत्री शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, पूर्व मार्केट कमेटी चेयरमैन राजपाल यादव, जिलासचिव ओमपाल यादव, मीडिया सह प्रभारी कमल हिंदुजा, कपिल गुराना, मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, श्याम खांडा, रामफल बुरा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर जाखड़ एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से एसआईआर जैसी पारदर्शी प्रक्रिया का विरोध करके घुसपैठियों और अपात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में बनाए रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया कोई नई नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस भारत विरोधी ताकतों के एजेंडे पर काम कर रही है। ये ताकतें समय-समय पर नए-नए एजेंडे सामने लाती हैं और कांग्रेस उन एजेंडों के माध्यम से देश में अशांति और अराजकता फैलाने का प्रयास करती है।

आईटीआई पास युवाओं को अप्रेंटिसशिप दिलाने पर जोर



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देती अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल।

- नियम नहीं मानने वाले संस्थानों को नोटिस देगा प्रशासन
- बैठक में नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम की प्रगति और क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले में आईटीआई पास युवाओं को अप्रेंटिसशिप के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने और छोटे व मध्यम उद्योगों को सरकारी योजनाओं से जोडने को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के वीसी सभागार में अप्रेंटिसशिप और ई-उद्यम पोर्टल को लेकर अधिकारियों की समीक्षा ली। बैठक में संबंधित अधिकारियों को दोनों व्यवस्थाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि अप्रेंटिस एक्ट, 1961 के तहत निर्धारित नियमों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के लिए 500 से 3,000 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि अप्रेंटिसशिप से जुड़ी पूरी प्रक्रिया की निगरानी ऑटोमेटेड पोर्टल के माध्यम से की जाए। नियमों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों को शो-कॉज नोटिस जारी कर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम की प्रगति और क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। इसके तहत रजिस्ट्रेशन, रिक्तियों की जानकारी, चयन, अनुबंध की मंजूरी, प्रशिक्षण, स्टाइपेंड भुगतान और प्रमाणपत्र जारी करने तक की प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से संचालित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण और स्टाइपेंड से जुड़ी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाते हुए योजना का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए शिक्षक।

पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में अंकित प्रथम

हिसार। राजकीय महाविद्यालय, मंगाली के वनस्पति विज्ञान एवं भूगोल विभाग द्वारा शुक्रवार को जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता पर इसका प्रभाव पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंजू चौधरी के मार्गदर्शन में तथा कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मीना रानी की देखरेख में संयोजक डॉ विजेता नेहरा व कुमारी साक्षी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता के महत्व को दर्शाया। निर्णायक मंडल ज्योति बेनीवाल, दीपक व मन्दीप कुमार द्वारा पोस्टरों का मूल्यांकन करने के पश्चात बीकॉम द्वितीय वर्ष के अंकित ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की स्नेहा ने द्वितीय स्थान तथा बीए द्वितीय वर्ष की नूपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चौधरी दलबीर सिंह की 39वीं पुण्यतिथि मनाई गई, कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा के पिता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय चौधरी दलबीर सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर डाबड़ा चौक स्थित उनके निवास पर हवन-यज्ञ एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा हवन में आहुति डालकर उनके जनसेवा के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यज्ञ का संचालन सूर्यदेव वेदांशु ने करवाया। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली की तैयारियों में व्यस्तता के चलते सांसद कुमारी सैलजा कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकीं। कार्यक्रम में पूर्व आईएएस अधिकारी आरके रंगा, चौधरी जगन्नाथ और एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने सांसद कुमारी सैलजा के प्रतिनिधि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर वीरभान मेहता, एडवोकेट चंद्रहर्ष, राजेंद्र ठाकुर, अश्विनी शर्मा, भूपेंद्र गंगवा, सतीश भाटिया मौजूद रहे।



हिसार। श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व आईएएस आरके रंगा, लाल बहादुर खोवाल, जगन्नाथ और अन्य। फोटो : हरिभूमि

रोडवेज कर्मचारियों ने ठप किया रात के वक्त बसों का संचालन

- देर रात तक एसडीएम और कर्मचारी नेताओं में चली बातचीत
- लंबित भत्तों का भुगतान न होने से गुस्साए कर्मचारियों ने तेज किया अपना आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा रोडवेज के हिसार डिपो में कर्मचारियों का आक्रोश अब आंदोलन में बदल गया है। लंबित वित्तीय भत्तों का भुगतान नहीं होने के विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने शुक्रवार रात से ही बसों का रात्रि संचालन बंद कर दिया है। वहीं, कर्मचारियों ने 31 अक्टूबर को पूरे डिपो में हड़ताल करने का ऐलान किया है।

सांझा संघर्ष समिति के नेतृत्व में शुक्रवार को आयोजित गेट मीटिंग में कर्मचारियों ने महाप्रबंधक की कथित तानाशाहीपूर्ण कार्यशैली और लंबे समय से लंबित वित्तीय देयकों का भुगतान नहीं होने पर भारी रोष जताया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 30 अक्टूबर की रात से बसों का रात्रि संचालन बंद किया जाएगा और 31 अक्टूबर को हिसार डिपो के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।

कर्मचारियों के आंदोलन को देखते हुए प्रशासन भी सक्रिय हो गया। देर शाम एसडीएम ज्योति मित्तल रोडवेज कार्यालय पहुंचीं और कर्मचारी नेताओं के साथ बातचीत शुरू की। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को सुना तथा गतिरोध समाप्त करने के प्रयास किए। देर रात तक प्रशासन और रोडवेज कर्मचारी नेताओं के बीच बातचीत का दौर जारी रहा। कर्मचारियों का आरोप है कि लंबे समय से उनका रात्रि भत्ता बकाया है। इसके अलावा टीए, ओवरटाइम और अन्य वित्तीय देयकों का भुगतान भी समय पर नहीं किया जा रहा। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार मांग उठाने और आश्वासन मिलने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ।

स्वदेशी दिवाली महोत्सव धूमधाम से शुरू

हिसार । हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थित म्हारी माटी एग्री टूरिज्म में तीन दिवसीय स्वदेशी दिवाली महोत्सव धूमधाम से शुरू हो गया। पहले दिन मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में प्रतिभागियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और अपनी कुशलता से रूबरू करवाया। इस स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इसके साथ ही कौशल विकास कक्षा के अंतर्गत कैंडल व वंदनवार बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इतना ही नहीं गरबा व डांडिया करते हुए बच्चों व महिलाओं ने खूब आनंद उठाया। म्हारी माटी एग्री टूरिज्म के संचालक अनिल गोयल व लक्ष्य गोयल ने बताया कि इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वदेशी व हस्तनिर्मित उत्पादों की स्टाल व हरियाणा की लोक संस्कृति पर आधारित म्यूजियम का अवलोकन किया। इस अवसर पर महोत्सव प्रमुख रिचा जांगड़ा, संयोजक दिनेश चुघ, सह संयोजक स्नेहलता व रजत गुप्ता, प्रचार प्रमुख भूपेंद्र कुमार, कार्यक्रम प्रमुख सुनीता सैनी, स्टॉल प्रमुख ऋतराज व मंच संचालक अभिषेक सोलंकी विशेष रूप से मौजूद रहे।



हिसार। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथिगण व आयोजक मंडल के सदस्य।

दावे और आपत्तियां निपटाने की तिथि बढ़ाई गई

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 30 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रदेश भर में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision) कार्य को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। अब राज्य में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 6 नवंबर की बजाय 30 नवंबर को किया जाएगा। इसके साथ ही नोटिस, दावों और आपत्तियों के निपटान की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गई है। आयोग के इस फैसले से मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेज जमा कराने और अपनी प्रविष्टियों में त्रुटियों को ठीक कराने का अतिरिक्त समय मिल गया है।

लाखों नोटिस पर अटके थे फैसले

विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान प्रदेश में फार्म नंबर-6 के 4 लाख 49 हजार 813, फार्म नंबर 7 के 1 लाख 57 हजार 673, फार्म नंबर-8 के 3 लाख 78 हजार 94 तथा 44 लाख 92 हजार 696 मतदाताओं को पिछले गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची से मिलान न होने अथवा मिलान के दौरान विसंगतियां पाए जाने पर आवश्यक दस्तावेज जमा करवाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इस दिन तक फार्म नंबर-6 के 23 हजार 176, फार्म नंबर-7 के 5 हजार 175 तथा फार्म नंबर-8 के 6 हजार 58 शेष बचे फार्मों पर संबंधित निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों द्वारा निर्णय लिया जाना शेष था। इसी प्रकार सुनवाई के लिए जारी 12 हजार 43 नोटिस तथा फोटो अद्यतन से संबंधित 10 लाख 44 हजार 80 मामले बीएलओ स्तर पर लंबित थे। वहीं 33 हजार 100 नोटिस और फोटो अद्यतन से जुड़े 7 लाख 59 हजार 24 मामले संबंधित निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों के पास निर्णय के लिए लंबित थे।

वोटर लिस्ट दुरुस्त करने में जुटे बीएलए

मतदाता सूची को पूरी तरह सटीक और निष्पक्ष बनाने के लिए प्रदेश के 20 हजार 864 मतदान केंद्रों पर राजनीतिक दलों ने अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) तैनात किए हैं। इनमें भाजपा के 19,554, कांग्रेस के 17,127, इनेलो के 2,186, जजपा के 1,093, भाकपा के 314, बसपा के 146 तथा आम आदमी पार्टी के 54 बीएलए-2 मैदान में डटे हैं।

आयोग ने समय सीमा बढ़ाई



लंबित मामलों के निपटारे और मतदाताओं की सहूलियत के लिए आयोग ने तिथि 30 नवंबर तक बढ़ाई है। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की मतदाता सूची को एकदम पारदर्शी, सटीक और त्रुटिरहित बनाना है।

- महेंद्र पाल,
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, हिसार

न्यूज डायरी

पेयजल व्यवस्था निगम को सौंपने का करेंगे विरोध

हिसार। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पेयजल एवं मल निकासी (सीवरेज) से जुड़े कार्य नगर निगम हिसार को सौंपने के प्रस्ताव का हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन विरोध करेगी। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने प्रस्ताव लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया तो कर्मचारियों को साथ लेकर शहरभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा। यूनियन के जिला प्रधान ओमप्रकाश माल और जिला सचिव दीपक मेहरा ने संयुक्त बयान में कहा कि नगर निगम हिसार के सभागार में आयोजित बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पेयजल और मल निकासी से संबंधित कार्य नगर निगम को सौंपने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

चयनित किसान 4 तक खरीदें अनुदानित कृषि मशीनें

हिसार। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा समेम योजना वर्ष 2026-27 के तहत अनुदान पर कृषि मशीनें खरीदने के लिए चयनित किसानों को निर्धारित समय सीमा में खरीद प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। चयनित किसानों को 4 नवंबर तक अपनी पसंद के निर्माता एवं डीलर से अनुदानित कृषि मशीन खरीदनी होगी। इसके बाद मशीन खरीदने के लिए किसानों को कोई अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सहायक कृषि अभियंता गोपीराम सांगवान ने बताया कि विभाग द्वारा समेम योजना के अंतर्गत किसानों को सब्सिडी पर कृषि मशीनें उपलब्ध करवाने के लिए चयनित मशीनों के ऑनलाइन अनुमोदन 23 अक्टूबर तक जारी कर दिए गए थे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर आज रन फॉर यूनिटी

हिसार। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को महाबीर स्टेडियम व सरदार पटेल भवन में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा इन कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे से महाबीर स्टेडियम में होगा। इस मौके पर हिसार विधायक सावित्री जिंदल तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई जाएगी।

पटेल की जयंती पर हांसी में 'रन फॉर यूनिटी'

हांसी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को हांसी में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्कूली विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और आम नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा मुख्य अतिथि होंगी, जबकि विधायक विनोद भयाना विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी राहुल नरवाल करेंगे। एसडीएम एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राजेश खोथ ने बताया कि सुबह 10 बजे सभी प्रतिभागी लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह

शिक्षकों का निरंतर क्षमता संवर्धन आवश्यक

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवाचार आधारित शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। 'एजुकेशनल टेक्नोलॉजी' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के पूर्व कुलपति तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (इंजीनियरिंग एंड एजुकेशन) डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

सोलर लगवाने पर बीपीएल परिवारों को मिले चेक

हिसार। घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाने को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। दक्षिण हरियाणा बिजली निगम गंगवा डिवीजन में पात्र बीपीएल परिवारों को 50-50 हजार रुपये की सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। इस पहल से ग्रामीण परिवारों को सौर ऊर्जा अपनाने और बिजली बिल का खर्च कम करने में मदद मिल रही है। इस कार्य में अपना सोलर हरियाणा और बिजली निगम गंगवा की ओर से सोलर सिस्टम के इंस्टॉलेशन तथा आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया में सहयोग किया गया। चेक वितरण के दौरान एसडीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि सोलर पैनल लगवाने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि उपभोक्ता अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन कर सकते हैं।

गिरफ्तार खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक कोर्ट से बरी

हिसार। रिश्वत लेने के आरोप में चार साल पहले गिरफ्तार किए गए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के तत्कालीन निरीक्षक जयदीप को अदालत ने बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री मंगलेश कुमार चौबे की अदालत ने भ्रष्टाचार के इस मामले में सुनवाई के बाद साक्ष्यों के अभाव में आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। मामले के अनुसार, 30 अगस्त 2022 को गांव चुली कलां निवासी डिपो होल्डर जगतपाल ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो थाना हिसार में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में तत्कालीन खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक जयदीप पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

DIWALI DHAMAKA SALE

ON SHOPPING OF ₹6999 & ABOVE
2KG
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

31 Oct to 08 Nov

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
1LTR
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET ● ELENTA का वादा, बचत सबसे ज़्यादा I

FLAT 25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.

BUY GET 1
MCVITIE'S GIFT PACK- NUTRAJ DRY FRUITS& MORE.

BUY GET 1
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA

UPTO 66% OFF
FRESCA JUICE - CELEBRATING SATMOLA RASGULLA - SOAN PAPDI

BUY GET 1
MANIA CELEBRATION GIFTS

BUY GET 1
UNIBIC / MOHANS GIFT PACK - COOKIES - BISCUITS - CHOCOLATE & MORE.

BUY GET 1
HALDIRAM'S BESAN LADOO & PANJEERI LADOO

UPTO 50% OFF
CELLO GLASS - BOTTLES - MR.COOK HOME APPLIANCES

UPTO 40% OFF
LUMINARC/ROXX CROCKERY AND GLASSWARE

UPTO 50% OFF
RICH CRAFT CROCKERY

UPTO 40% OFF
ARCH FAB BED SHEETS - TOWEL

UPTO 50% OFF
MILTON MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE

ADDRESS - TOWER ENCLAVE, JINDALCHOWK - RAIPUR RD, OPPOSITE HDFC BANK, VIDYUT NAGAR, HISAR, HARYANA.

CALL FOR OFFERS AND UPDATES +91-98969 38427

SCAN TO GET LOCATION

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.